# बिहार सरकार
## खेल विभाग
### :– संकल्प :–

सं० संख्या–1/स्टे. 1–04/2025–**510** /पटना, दिनांक–04.02.2025

**विषयः–** **प्रगति यात्रा के क्रम में की गयी घोषणा के आलोक में सहरसा जिला मुख्यालय के आस–पास स्टेडियम निर्माण कराने हेतु ₹5822.48 लाख (अट्ठावन करोड़ बाईस लाख अड़तालीस हजार रूपये) मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति पर सहमति प्रदान करने के संबंध में।**

प्रगति यात्रा के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा खेल विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत सहरसा जिला मुख्यालय के आस–पास स्टेडियम के निर्माण हेतु घोषणा की गयी है।

2. सहरसा जिला मुख्यालय के आस–पास स्टेडियम में निम्नलिखित खेल अवसंरचनाओं का निर्माण किया जाना हैः–

**i** बहुद्देशीय भवन (मल्टीपर्पस हॉल) (40मी0 x 20मी0 x 12.5मी0)
जनोपयोगी भवन (युटिलिटी बिल्डिंग)
भू–तल, प्रथम तल

**ii** प्रशासनिक भवन–{जी+1} (एडमिन बिल्डिंग)
भू–तल
प्रथम तल

**iii** अनुषंगी भवन (एन्सिलरी बिल्डिंग)
भू–तल

**iv** सार्वजनिक शौचालय (3 ब्लॉक)
भू–तल

**v** सुरक्षा प्रहरी कमरा–02 अदद् (गार्ड रूम)
भू–तल

3. खेल के क्षेत्र में बिहार राज्य ने व्यापक प्रगति की है। खेल के सभी विधाओं में राज्य के खिलाड़ियों की उपलब्धि प्रशंसनीय है। स्टेडियम के निर्माण से राज्य में खेल प्रतियोगिताओं का वृहत् स्तर पर आयोजन होगा एवं युवाओं को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान किये जाने से उनमें खेल के प्रति अभिरूचि बढ़ी है और खेल संस्कृति में वृद्धि हुई है तथा व्यापक सहभागिता का माहौल बना है। स्टेडियम के निर्माण होने पर खेलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में बिहार के युवाओं में सहभागिता बढ़ेगी। उक्त स्टेडियम में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा राज्य के खिलाड़ी कई राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी विशिष्ट पहचान बना पाएंगे।

4. प्रगति यात्रा के क्रम में की गयी घोषणा के आलोक में सहरसा जिला मुख्यालय के आस–पास में स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु राशि ₹5822.48 लाख (अट्ठावन करोड़ बाईस लाख अड़तालीस हजार रूपये) मात्र व्यय होने का अनुमान है।

5. प्रगति यात्रा के क्रम में की गयी घोषणा के आलोक में सहरसा जिला मुख्यालय के आस–पास में स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु ₹5822.48 लाख (अट्ठावन करोड़ बाईस लाख अड़तालीस हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु सहमति प्रदान किया जाता हैं।

6. सहरसा जिला मुख्यालय के आस–पास में स्टेडियम के निर्माण सरकारी भूमि पर किया जाना है। सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होने पर अधिग्रहण की कार्रवाई की जा सकती है।

7. उक्त राशि का वहन वित्तीय वर्ष 2024–25 के मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 051–निर्माण 0106–स्टेडियम एवं खेल संरचना विपत्र कोड 03–4059600510106 विषय शीर्ष 53–01 मुख्य निर्माण कार्य के अंतर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगी।

8. उपरोक्त पर दिनांक–04.02.2025 को मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–92 में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी हेतु बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित कराये जाय और इसकी प्रति सभी संबंधित विभाग/पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जाय।**

Rajendra 4.2.2025

(डॉ० बी० राजेन्दर)

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–1/स्टे. 1–04/2025–**510** /पटना, दिनांक–04.02.2025

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, ई–गजट कोषांग, गजट, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–80007 को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि इस संकल्प की 500 प्रतियाँ इस विभाग में भेजने की कृपा की जाय।

Rajendra 4.2.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांक–1/स्टे. 1–04/2025–**510** /पटना, दिनांक–04.02.2025

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षक), बिहार वीरचंद पटेल पथ, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rajendra 4.2.2025

सरकार के अपर मुख्य सचिव।